<u>प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 109/2023)</u>

<u>तत्काल प्रकाशन के लिए</u>

<u>भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण</u>

'ई एंड वी बैंड्स में स्पेक्ट्रम, और माइक्रोवेव एक्सेस (एम.डब्ल्यू.ए) तथा माइक्रोवेव बैकबोन (एम.डब्ल्यू.बी) स्पेक्ट्रम के आवंटन' पर भा.दू.वि.प्रा. के परामर्श पत्र पर टिप्पणियां/ प्रति-टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार।

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर 2023: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भा.दू.वि.प्रा) ने 27 सितंबर 2023 को "ई एंड वी बैंड्स में स्पेक्ट्रम, और माइक्रोवेव एक्सेस (एम.डब्ल्यू.ए) तथा माइक्रोवेव बैकबोन (एम.डब्ल्यू.बी) स्पेक्ट्रम के आवंटन" पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। हितधारकों से परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर लिखित टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2023 और प्रति टिप्पणियों के लिए 8 नवम्बर 2023 निर्धारित की गई थी।

2. टिप्पणियों को प्रस्तुत करने के लिए समय के विस्तार के लिए उद्योग संघों के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए, लिखित टिप्पणियों और प्रति टिप्पणियों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि क्रमशः 15 नवम्बर 2023 और 29 नवम्बर 2023 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

3. टिप्पणियों/ प्रति-टिप्पणियों को अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में ईमेल आई.डी.: advmn@trai.gov.in पर भेजा जा सकता है। किसी भी स्पष्टीकरण/ जानकारी के लिए श्री अखिलेश कुमार त्रिवेदी, सलाहकार (नेटवर्क, स्पेक्ट्रम एवं लाइसेंसिंग), भा.दू.वि.प्रा. को दूरभाष संख्या +91-11-23210481 पर संपर्क किया जा सकता है।

वि. रघुनंदन

(वी. रघुनंदन)
सचिव, भा.दू.वि.प्रा.